कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, जवाहर भवन, 6वॉ तल उ0प्र0, लखनऊ।

संख्या–एम0ई0–3 / 2021 / 178

लखनऊःदिनांक 20 जनवरी, 2021

बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम हेतु द्वितीय मॉप–अप राउन्ड के संबंध में समय–सारिणी

निजी क्षेत्र के डेण्टल कालेजों / संस्थानों / विश्वविद्यालयों के स्नातक पाठ्यक्रम बी0डी0एस0 में प्रवेश हेतु यू0पी0 नीट यू0जी0 2020 की द्वितीय मॉप–अप राउण्ड हेतु समय–सारिणी निम्नवत् हैः–

ऑन–लाईन पंजीकरण प्रारम्भ होने की तिथि	21 जनवरी, 2021 को प्रातः 11:00 बजे से 27 जनवरी, 2021 को 2:00 बजे तक
स्टेट मेरिट सूची जारी करने की तिथि	27 जनवरी, 2021
सीटों का आवंटन एवं प्रवेश तिथि **(Admission on Spot)**	28 एवं 29 जनवरी, 2021 (प्रातः 11:00 बजे से)
निजी क्षेत्र के डेण्टल कालेजों को 1:10 के सापेक्ष अभ्यर्थियों की सूची उपलब्ध कराये जाने की तिथि	29 जनवरी, 2021
1:10 अनुपात के सापेक्ष प्रवेश की अन्तिम तिथि	30 जनवरी, 2021

- **बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम की द्वितीय मॉप–अप राउन्ड की आवंटन प्रकिया के0जी0एम0यू0, लखनऊ के कलाम सेन्टर में आयोजित / सम्पन्न की जायेगी।**
- उक्तानुसार निर्धारित समय–सारिणी के अनुसार बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी अपना वेबसाईट ***https://upneet.gov.in*** पर पंजीकरण शुल्क रू0 1000 / – जमा करते हुये पंजीकरण कराया जाना सुनिश्चित करें।
- पंजीकरण शुल्क रू0 1000 / – आपके खाते से भुगतान हो जाने के उपरान्त यदि पंजीकरण रसीद डाउनलोड नही होती है, तो पेमेन्ट एन0आई0सी0 की साइट पर अपडेट होने तक इन्तजार करें, पुनः भुगतान न करें, कभी–कभी भुगतान अपडेट होने में 2–3 दिन का समय लग जाता है।
- बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथियों में अपना पंजीकरण कराया जाना अनिवार्य होगा, पूर्व पंजीकरण जैसे प्रथम, द्वितीय कांउसिलिंग तथा प्रथम मॉप–राउन्ड से पंजीकृत अभ्यर्थी मान्य नही होगें।
- बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम के द्वितीय मॉप–अप राउन्ड हेतु दिनांक 05.01.2021 से 07.01.2021 तक पंजीकृत अभ्यर्थियों को पुनः पंजीकरण कराने की आवश्यकता नही है।
- बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम के द्वितीय राउण्ड हेतु दिनांक 05.01.2021 से 07.01.2021 तक पंजीकृत अभ्यर्थियों की पूर्व में घोषित मेरिट को निरस्त करते हुये एवं दिनांक 21.01.2021 से 27.01.2021 तक पंजीकृत अभ्यर्थियों को सम्मलित करते हुये एक संयुक्त मेरिट घोषित की जायेगी। तद्नुसार घोषित मेरिट के अनुसार आवंटन प्रकिया सम्पन्न की जायेगी।
- बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम हेतु भारत सरकार द्वारा परसेन्टाईल / नीट स्कोर का कट–ऑफ यदि कम की जाती है तो, उसकी सूचना विभाग की वेब–साइट पर पृथक से दी जायेगी।
- निजी क्षेत्र के बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम की सीटों हेतु रू0 1,00,000 / – (रूपये एक लाख मात्र) की सिक्योरिटी धनराशि का सी0टी0एस0 बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट जो महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 (Director General Medical Education and Training U.P) Payable at Lucknow के पक्ष में देय हो, आवंटन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। सिक्योरिटी धनराशि किसी भी दशा में नगद (Cash) नहीं जमा की जायेगी।
- काउसिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु मूल प्रमाण पत्रों का होना आवश्यक है। मूल प्रमाण पत्र न होने की दशा में मॉप अप राउण्ड प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।
- शेष शर्ते दिनांक 19.12.2020 को निर्गत मॉप–अप राउण्ड समय–सारणी एवं शासनादेश के अनुसार होगी।
- अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट ***https://upneet.gov.in & www.updgme.in*** पर देखी जा सकती है। अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु समय–समय पर उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

महानिदेशक